# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## होशंगाबाद रोड, भोपाल – 462026

क्रमांकः 634 /भण्डार/2022

भोपाल, दिनांकः 30-3-2022

**पूरक/प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु सीमित निविदा आमंत्रिण सूचना**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की परीक्षाओं में उपयोग में आने वाले पूरक/प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका क्रय के लिए सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। यह सीमित निविदा दिनांकः 05-04-2022 समय 3 PM तक **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल** के नाम से भेजे। यह सीमित निविदाएं स्पीड पोस्ट/कोरियर/पत्र वाहक से **उप-कुलसचिव, (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड़, भोपाल-462026** के पते पर प्रस्तुत करें।

इस सीमित निविदा के साथ रू.25,000-00 का ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से देय हो संलग्न करना आवश्यक है। इसके अभाव में यह सीमित निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

क्रय की जाने वाली पूरक उत्तरपुस्किा का स्पेसिफिकेशन एवं विवरण निम्नानुसार हैः-

(1) प्रत्येक पूरक उत्तरपुस्तिका का आकार ए-4 तथा लेण्ड स्केप होना चाहिए।
(2) उत्तरपुस्तिका का कागज 70 जी.एस.एम. का क्रीमवोव होना चाहिए।
(3) उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों पर 22 क्षैतीज एक ऊपर बोल्ड लाइन होना चाहिए।
(4) उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर मेटर आफसेट से मुद्रण होना चाहिए।
(5) उत्तरपुस्तिकाओं के बांये ओर ऊपर पृष्ठ पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का मोनो मुद्रित होना चाहिए।
(6) उत्तरपुस्तिकाओं के अंदर दायी ओर पृष्ठ क्रमांक गोले में मुद्रित होना चाहिए।
(7) उत्तरपुस्तिकाओं की मशीन से सिलाई बाइंडिग होना चाहिए।
(8) बोल्ड खडी लाईन के अन्दर पृष्ठ में प्रश्न क्रमांक का बाक्स 2 सेमी X 1.5 सेमी का बना होना चाहिए।
(9) इसके बाद बोल्ड खड़ी लाईन के अन्दर BU BHOPAL मुद्रित होना चाहिए। तत्पश्चात अंक लिखने का बाक्स 2 सेमी X 1.5 का होना चाहिए।
(10) उत्तरपुस्तिकाओं में निर्धारित स्थान पर उत्तरपुस्तिका क्रमांक अंकित होना चाहिए।
(11) उत्तरपुस्तिका में बायी ओर ऊपर एक होल पंच होना चाहिए।
(12) पूरक उत्तर पुस्तिकाओं पर प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका लिखा होना चाहिए।
(13) प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)
(14) प्रायोगिक/पूरक उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठों पर परीक्षार्थियों के लिए निर्देश एवं प्रारूप इस सीमित निविदा के साथ संलग्न प्रस्तुत है।

**उत्तरपुस्तिका की दर निविदाकर्ता फर्मो को निम्नांकित प्रारूप में प्रस्तुत की जाना हैः-**

| सं.क्रं. | उत्तरपुस्तिका का विवरण | अनुमानित संख्या | उत्तरपुस्तिका की दर प्रति नग रू0 में (अंको में एवं शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका साईज ए-4, सफेद क्रीमवोव पेपर 70 जी.एस.एम., मुद्रण सहित | 1,00,000 नग | |
| | जी.एस.टी. की दर | | |
| | कुल योग | | |

उत्तरपुस्तिका प्रदाय की शर्ते एवं निम्नांकित दस्तावेज सीमित निविदा के साथ निविदाकर्ता फर्म को संलग्न किया जाना आवश्यक है:—

(1) **अनुभवः—** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017—18, 2018—19, 2019—20) में मान्यता प्राप्त न्यूनतम 3 विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 25 लाख उत्तरपुस्तिका उक्त किसी एक वर्ष में प्रदाय का कार्य किया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

(2) **टर्न ओवरः—** पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017—18, 2018—19, 2019—20) में रू. 15—00 लाख का औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।

(3) **इनकम टैक्सः—** विगत तीन असेसमेंट वर्ष (2018—19, 2019—20, 2020—21) का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें।

(4) **ब्लेक लिस्टः—** निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से वर्तमान में ब्लेक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 500=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय।

(5) **प्रमाण पत्रः—** संस्था/फर्म/कम्पनी का
(क) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें।
(ख) आयकर (PAN) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें।
(घ) संस्था/फर्म/कम्पनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें।

(6) निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2008 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण—पत्र होना चाहिए।
(7) निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001:2013 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण—पत्र होना चाहिए।

**<u>सीमित निविदा की अन्य शर्तेः—</u>**

(8) उत्तरुपस्तिकाएं विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदाकर्ता फर्म को उनके व्यय पर वापस की जाएगी। उत्तरपुस्तिका के कागज का तकनीकी मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता फर्म के व्यय पर करवाया जाएगा एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर फर्म को भुगतान किया जाएगा।

(9) उत्तरपुस्तिका मुद्रण में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

(10) उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

(11) दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देंवें।

(12) आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 की कटौति की जावेगी।

(13) कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है । साथ ही निविदाकर्ता फर्म द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि जब्त करते हुए फर्म के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

(14) **सामग्री में त्रुटिः–**

(i) 01 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 3% की कटौति की जावेगी।
(ii) 02 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 6% की कटौति की जावेगी।
(iii) 03 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 9% की कटौति की जावेगी।
इससे अधिक जी.एस.एम. की कमी पर इसी अनुपात में कटौति की जावेगी।

(15) **विलम्बः–** विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश में दर्शित दिनांक तक निविदा में सफल फर्म को उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य संपादित करना होगा। यदि उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जात है तो निम्नानुसार प्रस्तुत बिल से कटौति की जावेगीः–

(i) 05 दिवस विलम्ब बिल की 5% राशि की कटौति की जावेगी।
(ii) 06 से 10 दिवस के विलम्ब बिल की 10% राशि की कटौति की जावेगी।
(iii) 10 दिवस से अधिक विलम्ब बिल की 15% राशि की कटौति की जावेगी।

(16) **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने परः–** निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उसके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि जब्त कर ली जावेगी।

(17) **अन्य शर्तो का पालन न करनाः–**उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर बिल से कटौति का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

(18) किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

(19) **वित्तीय दर समान होने पर :–**
निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2018-19, 2019-20) में जिस फर्म का औसत टर्न ओवर अधिक होगा। विश्वविद्यालय द्वारा उस फर्म का चयन किया जावेगा। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**कुलपति / बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :–**

(20) निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

(21) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

(22) निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

(23) निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

(24) न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

उपकुलसचिव (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

उत्तर पुस्तिका क्रमांक 3314801

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पूरक / प्रायोगिक
उत्तर पुस्तिका नं0

(परीक्षार्थी द्वारा स्वयं भरा जाये।)

**पूरक / प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका**

मुख्य पृष्ठ एवं मुख्य पृष्ठ के पीछे का पेज खाली रखें
उस पर कुछ भी नहीं लिखें।

**परीक्षार्थी के द्वारा पूर्ति की जाये।**

अनुक्रमांक (अंकों में) (Roll No.)

अनुक्रमांक (शब्दों में)
Roll No. (in words) ..............................

नामांकन क्रमांक (अंकों में)
Enrolment No. (in Figures)

विषय :
Subject : ..............................

प्रश्न पत्र :
Paper : ..............................

दिनांक :
Date : ..............................

मुख्य उत्तर पुस्तिका का क्रमांक (अंकों में)
Main Answer Book No. (In Figures)

मुख्य उत्तर पुस्तिका का क्रमांक (शब्दों में)
Main Answer Book No. (In words)
..............................

वीक्षक के हस्ताक्षर

3

प्रश्न क्र0

B
U
B
H
O
P
A
L

अंक

प्रश्न क्र0

B
U
B
H
O
P
A
L

अंक